प्रदेश की आईटीआई से पास उद्यमियों को मिलेंगे उद्यमी अवार्ड

चर्चा में क्यों?

8 जनवरी, 2022 को **हरियाणा के कौशल विकास एवं औद्योगिक प्रशिक्षण मंत्री मूलचंद शर्मा** ने बताया कि सरकार ने युवाओं को उद्यमिता से जोड़ने हेतु **प्रदेश के सरकारी व निजी औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों से आईटीआई कोर्स पास करने के बाद उद्यमी बनने पर उन्हें सम्मानित करने का निर्णय** लिया है।

प्रमुख बिंदु

- मूलचंद शर्मा ने बताया कि इसके लिये एक नई योजना को स्वीकृति प्रदान की गई है। इस **योजना के तहत जिला स्तर पर तीन श्रेष्ठ उद्यमियों को उद्यमी अवार्ड** तथा **क्रमश: 10 हजार रुपए, 7 हजार 500 रुपए और 5 हजार रुपए का नकद पुरस्कार** देकर सम्मानित किया जाएगा। यह पुरस्कार हर साल 26 जनवरी को गणतंत्र दिवस के अवसर पर मुख्य अतिथि द्वारा प्रदान किये जाएंगे।
- जिला स्तर के इन सभी **66 उद्यमी अवार्ड विजेताओं में से तीन उद्यमियों को** आगामी 15 जुलाई को **विश्व युवा कौशल दिवस** के अवसर पर राज्यस्तरीय समारोह में **मुख्यमंत्री द्वारा सम्मानित** किया जाएगा।
- **पहले, दूसरे और तीसरे स्थान पर आने वाले उम्मीदवारों को क्रमश: 50 हजार रुपए, 40 हजार रुपए और 30 हजार रुपए** के राज्य स्तरीय नकद पुरस्कार दिये जाएंगे।
- इस योजना के तहत अवार्ड के लिये **केवल उन्हीं उद्यमियों पर विचार किया जाएगा, जिन्होंने उसी ट्रेड या सेक्टर में अपना कारोबार अथवा उद्यम शुरू किया हो, जिससे उन्होंने आईटीआई पास की है**।
- उम्मीदवार द्वारा **आईटीआई पास करने के एक से 4 वर्ष के बीच** अपना **कारोबार हरियाणा के किसी स्थान पर या फिर चंडीगढ़ में शुरू किया जाना आवश्यक** है। उसने जो कारोबार शुरू किया है, वह उसका **पैतृक कारोबार नहीं होना चाहिये**।
- उस **कारोबार से, इस अवधि के दौरान एक वर्ष से अधिक के लिये उसकी मासिक आय निरंतर 20 हजार रुपए से अधिक** होनी चाहिये। इसके अलावा, यदि उम्मीदवार ने अपना कारोबार किसी के साथ **भागीदारी में शुरू किया है तो उसमें उसकी अग्रणी भूमिका होनी चाहिये** और इस पहल के तहत उसे पहले सम्मानित न किया गया हो।
- इस योजना का मकसद हरियाणा राज्य के आईटीआई संस्थानों से पास युवाओं को नौकरी तलाशने की अपेक्षा स्वरोजगार शुरू करने की ओर अग्रसर होने के लिये प्रोत्साहित करना है।

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/entrepreneur-award